## खबर संक्षेप

### ई-टोकन प्रणाली: किसानों के लिए उर्वरक वितरण का नया समाधान, ऐप के प्रयोग से होगी किसानों के समय की बचत

**मण्डला।** उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में ई-विकास उर्वरक आपूर्ति समाधान प्रणाली ऐप के द्वारा व्यवस्थित खाद वितरण के लिए जिले में 4 डबल लॉक केंद्र, 43 सहकारी समितियां एवं 81 निजी विक्रेता स्थापित हैं। संबंधित कृषक की फार्मर आईडी बनी होना अनिवार्य है, जिसके लिए भू-अभिलेख शाखा (संबंधित क्षेत्र के पटवारी), कॉमन सर्विस सेंटर एवं कृषक मोबाईल से एग्रीस्टेक ऐप को डाउनलोड कर स्वयं के द्वारा भी आईडी बना सकते हैं। ई-टोकन प्रणाली एक डिजिटल व्यवस्था है जो किसानों को उर्वरक (खाद) जैसी आवश्यक चीजें बिना लंबी लाइनों और कालाबाजारी के एक निश्चित समय और स्थान पर आसानी से उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई है। यह एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जहाँ किसान अपने आधार कार्ड और मोबाइल से एक डिजिटल टोकन जनरेट करते हैं, जिससे उन्हें कब, कहाँ और कितनी खाद मिलेगी, इसकी जानकारी मिलती है। किसान अपने मोबाइल या वेब पोर्टल के माध्यम से अपने आधार नंबर और ओटीपी का उपयोग करके लॉग इन करते हैं, पोर्टल पर अपनी फसल, भूमि का रकबा और मौसम का चयन करते हैं, सिस्टम उनकी फसल के अनुसार आवश्यक उर्वरक की गणना करता है और उपलब्ध स्टॉक दिखाता है। किसान अपनी पसंद के उर्वरक विक्रेता (सरकारी या निजी) का चुनाव करते हैं। एक डिजिटल टोकन जारी होता है जिसमें वितरण केंद्र, तिथि और समय लिखा होता है।

## अवैध उत्खनन करती मशीन एवं डंपर को किया जप्त

# अंततः अवैध उत्खनन पर हुई कार्यवाही

*** रेत निकासी के लिये बनाई गई सड़क को तोड़ने हुई कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*नर्मदा नदी में अवैध रूप से हो रहा रेत का उत्खनन अब शायद आगे नहीं होगा इसका कारण यह है कि खनिज विभाग द्वारा नर्मदा नदी में अवैध रूप से मशीनों द्वारा जो रेत निकाली जा रही थी और उस रेत के परिवहन के लिये नर्मदा नदी में ही सैकड़ों ट्राली मिट्टी, मुर्रम डालकर जो लम्बी सड़क बना दी गई थी उसे तोड़ने की भी कार्यवाही की गई। रेत खदान संचालक पर प्रकरण भी दर्ज हुआ है नर्मदा भक्त मानते हैं कि यह स्थायी कार्यवाही होगी और अब इसके बाद किसी भी स्थिति में नर्मदा नदी के अंदर से रेत का उत्खनन नहीं किया जायेगा और न ही नर्मदा नदी में मशीनों का उपयोग होगा। माँ नर्मदा के प्रवाह के साथ न तो अब कोई खिलवाड़ किया जायेगा और न ही नर्मदा को दूषित करने का प्रयास होगा। भले ही विभाग देर से जागा लेकिन जागा तो हम सभी नर्मदा भक्त प्रशासन की इस कार्यवाही का स्वागत करते हैं और आगे भी यही व्यवस्था बनी रहेगी इसकी उम्मीद करते हैं नहीं तो पिछले वर्ष लगभग 8 माह लगातार धड़ल्ले से माँ नर्मदा के आंचल को छलनी करते हुये रेत का उत्खनन होता रहा।*





शौर्य भूमि

किन नियमों के तहत नर्मदा में हो रहा खनन



खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सतत अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय दल को नर्मदा नदी में अवैध उत्खनन की प्राप्त शिकायत के आधार पर बकछेरादौना क्षेत्र में जांच के दौरान खनिज रेत के अवैध उत्खनन करते हुये एक मशीन एवं एक डम्फर वाहन क्रमांक एमपी 49 जेडबी 9055 को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया तथा नर्मदा नदी में रेत समूह ठेकेदार द्वारा स्वीकृत खदान से रेत निकासी के लिए बनाये गए अस्थायी रैम्प को तोड़ने की कार्यवाही गई है। उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहनों के विरूद्ध म.प्र. खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है तथा रेत समूह ठेकेदार द्वारा अनियमितता किए जाने एवं पर्यावरणीय शर्तों का उल्लंघन किये जाने में आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव राज्य खनिज निगम को प्रेषित किया जा रहा है।

खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियां की जा रही है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर 21 जनवरी को रात्रि में नैनपुर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुये दो वाहन वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एबी 0867 एवं वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 7966 को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया है। उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना नैनपुर की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहनों के विरूद्ध म.प्र. खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है तथा रेत समूह ठेकेदार द्वारा अनियमितता किए जाने एवं पर्यावरणीय शर्तों का उल्लंघन किये जाने में आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव राज्य खनिज निगम को प्रेषित किया जा रहा है।

## हाईवे पर पुलिस अधीक्षक ने हेलमेट बाँटकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



*** मंडला पुलिस का हेलमेट जागरूकता अभियान तेज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में मंडला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं हेलमेट जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हाईवे स्थित फूलसागर एवं कटरा क्षेत्र में संचालित किया गया, जहाँ पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर हेलमेट की उपयोगिता एवं उसकी अनिवार्यता के संबंध में संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि हेलमेट केवल यातायात नियमों का पालन नहीं, बल्कि दुर्घटना के समय जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन है। मंडला पुलिस द्वारा जनसहयोग से हेलमेट प्राप्त कर जरूरतमंद वाहन चालकों को, विशेषकर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में, लगातार हेलमेट वितरित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति प्रेरित किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक सकलेचा द्वारा आम नागरिकों को अवगत कराया गया कि 26 जनवरी 2026 के पश्चात हेलमेट के उपयोग को लेकर पुलिस द्वारा सख्ती बरती जाएगी। सभी दोपहिया वाहन चालक नियमित रूप से हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं और स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।



### गांधी जी की पुण्यतिथि पर मनेगा मद्य निषेध संकल्प दिवस

**मण्डला।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मद्यपान तथा मादक पदार्थ द्रव्यों के सेवन की नशा प्रवृत्ति की रोकथाम, दुष्परिणामों से युवाओं और समाज को अवगत कराना और नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाना है। मादक द्रव्यों तथा मदिरापान त्यागने के लिए संकल्प दिलाना एवं संकल्प पत्र भरवाने का कार्य भी किया जायेगा।

### कलेक्ट्रेट में दिलाई गई राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ



**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के तारतम्य में 23 जनवरी को कलेक्टर कार्यालय के गोलमेज कक्ष के सामने सभी अधिकारी, कर्मचारीगणों को अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ एवं श्री सचिन जैन सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण कुशवाहा, सीके तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रखने के निर्देश

*** समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने दिये निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने डाईट सभाकक्ष में जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित बीआरसी, उपयंत्री तथा संकुल प्राचार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि यह समय बच्चों की परीक्षाओं की तैयारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।
आने वाले कुछ ही दिनों में बोर्ड की परीक्षाएं होंगी। परीक्षा का समय विद्यार्थियों के लिए तनाव का होता है इसलिए आप सभी की जिम्मेदारी है कि बच्चों की बेहतर तैयारियाँ कराएं साथ ही उन्हें परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने संकुल प्राचार्यों से सिलेबस के रिवीजन तथा आंतरिक मूल्यांकन के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि विभागीय समीक्षा के दौरान बालिका शौचालय निर्माण, मरम्मत, टेबलेट क्रय तथा पोर्टल पर डाटा अपडेशन जैसे विषयों पर जिले की प्रगति अपेक्षाकृत कम है, सभी संबंधित इस पर विशेष ध्यान दें। आगामी 15 फरवरी तक संबंधित विषयों में वांछित प्रगति लाएं। बैठक में जिला शिक्षा केन्द्र के डीपीसी श्री कुलदीप कठल, सभी बीआरसी, विभागीय उपयंत्री तथा संकुल प्राचार्य मौजूद रहे।

## शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति अरुणा दीक्षित की उपस्थिति में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रवि प्रसाद नेवले ने विद्यालय के सभी शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक एवं विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई शपथ में देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

### केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर




**मण्डला।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय मंडला में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा शामिल हुए। यहाँ उन्होंने सुभाषचन्द्र बोस की 129वीं जयंती के मौके पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर याद किया। पराक्रम दिवस के मौके पर आयोजित प्रश्नोत्तरी एवं परिचर्चा में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर श्री मिश्रा ने मंच से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए अध्ययन के साथ-साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए कहा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय पदमी, ब्रेन चाईल्ड एकेडमी, महर्षि विद्यामंदिर, निर्मला हायरसेकेंडरी स्कूल सहित अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्री उलाड़ी सहित विद्यालय का स्टॉफ मौजूद रहा।

**खेल उत्सव** | **हुआ भव्य स्वागत, खिलाड़ियों और नागरिकों में दिखा उत्साह।**

# मंडला पहुँची 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' की टॉर्च






*** 9 जिलों में हो रहा एमपी यूथ गेम्स का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले में 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' की टॉर्च के आगमन पर खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों और नागरिकों ने उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। टॉर्च 22 जनवरी को दोपहर 3 बजे मंडला पहुँची, जहाँ इसका स्वागत गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं जिला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने टॉर्च का आत्मीय स्वागत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में खिलाड़ी, युवा, खेल प्रशिक्षक एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

टॉर्च आगमन के पश्चात एक आकर्षक टॉर्च रैली का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय से नेहरू स्मारक, रेडक्रॉस होते हुए पंडित दीनदयाल इंडोर स्टेडियम मंडला तक किया गया, जो पूरे शहर में उत्साह का केंद्र बनी रही। रैली के दौरान खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और ऊर्जा ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान 'खेलो एमपी' का थीम सॉन्ग "मध्यप्रदेश की जय हो, हमारी विजय हो" बजाया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह में नया जोश और गर्व का भाव भर दिया। गीत ने सभी का दिल जीत लिया और वातावरण को पूरी तरह प्रेरणादायक बना दिया।

कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात टॉर्च को अगले पड़ाव बालाघाट जिले के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 10 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रदेश के 9 जिलों में किया जा रहा है, जिसमें प्रदेशभर से 1 लाख से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह आयोजन युवाओं में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बन चुका है। खेल अधिकारी श्री विकास खराड़कर ने बताया कि मंडला जिले में भी इस आयोजन को लेकर व्यापक उत्साह देखने को मिला है। जिले में 1700 से अधिक खिलाड़ियों ने ब्लॉक एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जो जिले में खेल प्रतिभा के बढ़ते स्तर को दर्शाता है। खेलो एमपी का यह आयोजन निश्चित रूप से मध्यप्रदेश को खेलों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## 26 जनवरी से बिना हेलमेट चालान, मंडला पुलिस का सख्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 23 जनवरी 2026 को मंडला जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित करना एवं सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर सिर की चोटों से बचाव करना रहा। थाना नैनपुर क्षेत्र में मोटरसाइकिल चालकों को मौके पर हेलमेट पहनाया गया, कई चालकों को हेलमेट घर से मंगवाकर एवं कुछ को नया हेलमेट खरीदवाकर सुरक्षित रवाना किया गया। चौकी मनेरी में सघन वाहन चेकिंग कर बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को रोका गया तथा बताया गया कि हेलमेट एक सुरक्षा कवच है जो दुर्घटना के समय जीवन रक्षा करता है। थाना निवास, चौकी पोड़ी, चौकी टाटरी, थाना मोहगांव एवं थाना महाराजपुर क्षेत्रों में भी वाहन चेकिंग कर नागरिकों को हेलमेट जागरूकता की समझाइश दी गई। अभियान के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को अवगत कराया कि 26 जनवरी 2026 से बिना हेलमेट वाहन चलाने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। मंडला पुलिस ने नागरिकों से प्रत्येक यात्रा में हेलमेट के अनिवार्य उपयोग की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### सड़कों के किनारे लगातार बढ़ रही अतिक्रमण के चलते बन रही दुर्घटनाओं की संभावनाएं, प्रशासन बना अनजान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय नगर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की सच्चाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि नगर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जिसे जहां मर्जी हो रही है वहां पर अपना कब्जा जमाने से नही चूक रहा है, इस प्रकार से नगर की मुख्य माने जाने वाली सड़कों के किनारे लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये किये जाने वाला अतिक्रमण आम लोगों की जिन्दगी के लिये पूर्ण रूप से खतरा साबित होने से नही चूक रहा है, मगर इस सच्चाई को जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है वह चिंता जनक सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के प्रमुख माने जाने वाले वायपास मार्ग पर रिलांइस पेट्रोल पंप के पास देखा जा रहा है, जहां पर बताया जाता है कि किसी पंचर सुधारने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया अतिक्रमण निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना को अंजाम देने से नही चूक पायेगा? क्योंकि जिस जगह यह अतिक्रमण करते हुये दुकान बनाई गई है, उसी जगह वाहनों की आवाजाही के लिये प्रमुख स्थल इसलिये मानी जाती है कि जो वाहन कौड़िया की ओर से आता है वह घाट होने के कारण तेज गति से दौड़ते हुये आने से नही चूकता है, वही दूसरी ओर पेट्रोल पंप से जब कोई वाहन डीजल या पेट्रोल लेकर जब कौड़िया की ओर जाता है तो इस अतिक्रमण के चलते सामने से आने वाला वाहन उस समय तक दिखाई नही पड़ता है जब तक वह मुख्य मार्ग पर नही पहुंच जाता है और मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही जब दूसरी ओर से तेज गति से आने वाले वाहन आमने सामने होते है तो वाहन को रोक पाना मुश्किल होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर जब इस दुकान पर कोई व्यक्ति पंचर जुडवाने या फिर हवा भरवाने के लिये रूकता है तो उसे भी मुख्य सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा करना पड़ता है, इस स्थिति के चलते निश्चित ही यहां पर हुआ अतिक्रमण किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? मगर इस सच्चाई को प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह जान पड़ने से नही चूक पा रहा है कि शायद प्रशासन में बैठे हुये अधिकारी ही किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो।

### महिला से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के निरंजन वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह नगर की एक होटल पर खाना बनाने का काम करती है। बीते हुये रात को जब वह अपना काम पूरा करने के बाद घर जा रही थी। उसी दौरान रास्ते में शंकर नौरिया नामक व्यक्ति मिला और प्रार्थिया का रास्ता रोकते हुये शराब पीने के लिये पैसा मांगे तो महिला द्वारा मना किये जाने की बात को लेकर आरोपी द्वारा धक्का देते हुये जमीन पर गिराते हुये चोटे पहुंचाई वही जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### घर के सामने कचरा फैंकने की बात को लेकर हुआ विवाद

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नर्मदा कालोनी इंद्रा वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर के सामने घनश्याम साहू का मकान है। उनकी पत्नी द्वारा आये दिन मेरे घर के सामने गंदा पानी तथा कचरा फेक दिया जाता है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस जब में दुकान से घर खाना खाने के लिये आया हुआ था तो घन श्याम साहू की पत्नी गंदा पानी मेरे घर के सामने फैक रही थी। मगर द्वारा जब उनसे इस तरह गंदा पानी फैकने से मना किया तो तभी तरूण साहू व घन श्याम की पत्नि गंदी गंदी गालिया देने लगे जब मैने इस तरह गाली देने से मना किया गया तो तरूण साहू द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई।

# माँ नर्मदा के जयघोष के साथ नगर में निकाली गई 551 मीटर लम्बी चुनरी की भव्य शोभा यात्रा

**रविवार को ककरा घाट पर माँ की गोद में चुनरी को किया जावेगा समर्पित, रेवा मैय्या के जन्मोत्सव को लेकर नर्मदा तटों से लेकर रास्तों पर भी की जा रही भक्तों के स्वागत की तैयारियाँ**






हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

क्षेत्र को सदा की संकटों से दूर रखने वाली माँ नर्मदा जयंती के पहले नगर में हर वर्ष बडे ही धूमधाम के साथ निकाली जाती रही है। इसी प्रकार से लगातार 13 वे वर्ष यानि की कल शुक्रवार को माँ नर्मदा जयंती के पावन अवसर माँ नर्मदाजी को अर्पित करने के लिये चुनरी यात्रा शहर में बडे ही धूमधाम के साथ निकाली गई। कल शुक्रवार को बसंती पंचमी के मौके पर दोपहर 2 बजे के बाद नगर के छिड़ाव घाट स्थित नर्मदा मंदिर से इस चुनरी यात्रा को शुभांरभ माँ रेवा मैया के पूजन के उपरांत देवी स्वरूपा दो कन्याओं द्वारा चुनरी खेचते हुये किया गया। शहर के छिडावघाट से शुरू हुई यह चुनरी यात्रा पुरानी चौकी से होते हुये चांवडी मार्ग से निकलकर महावीर भवन से श्याम टाकीज मार्ग से निकलते हुये सब्जी मंडी मार्ग से पुरानी गल्ला मंडी पहुंची जहां पर रथ में सबार माँ नर्मदाजी मनमोहक प्रतिमा को जहां तहां लोगों द्वारा पूजन किया गया। 551 मीटर लम्बी चुनरी यात्रा आगे की ओर रवाना होते हुये नगर के हृदय स्थल झंडा से निकलते हुये नर्मदा मंदिर पहुंची जहां पर महाआरती के साथ इस चुनरी शोभायात्रा का समापन हुआ। इस तरह शुक्रवार को नगर में चुनरी यात्रा का भ्रमण कराये जाने के बाद यह 551 मीटर की चुनरी कल यानि की 25 जनवरी दिन रविवार को नर्मदा जन्मोत्सव के मौके पर रैवा मैया के भवन तट ककराघाट पर अर्पित की जावेगी। वही नर्मदाजी जंयती के मौके पर नर्मदाजी के ककराघाट पर हवन पूजन के साथ सुबह 9 बजे से कन्या भोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया जावेगा। वही दूसरी ओर 25 जनवरी माँ नर्मदा जयंती के अवसर पर क्षेत्र के अनेक गांवों में जहां तहां चुनरी यात्राओं के आयोजन किये जावेगे तथा नर्मदा तटों पर मैय्या का पूजन अर्चन करने के लिये पहुंचने वाले भक्तों के स्वागत को लेकर अनेक जगहों पर बड़े स्तर पर तैयारियों की गई है। इस तरह नर्मदा जयंती को लेकर क्षेत्र के नर्मदा भक्त व समाज सेवी युवा राव संदीप सिंह का कहना है कि इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि आज हमारे क्षेत्र में जो खुशहाली देखने मिल रही है वह माँ नर्मदाजी का ही आर्शीवाद है और नगर सहित क्षेत्र के नर्मदा भक्तों द्वारा जिस तरह हर वर्ष माँ रेवा की जो चुनरी यात्रा निकाली जाती है उसमें जन सैलाब उमड़ते हुये देखा जाता है। नगर में इस चुनरी यात्रा का शुभारंभ वर्ष 2015 से हुआ था जो लगातार जारी है। क्योंकि मानव जीवन को पापों से मुक्त करने वाली माँ नर्मदा जी है जो भक्त सच्चे मन से उनकी आराधना करता है उस पर माँ अपना पूरा आर्शीवाद लूटा देती है। इसी का परिणाम है कि हमारा नर्मदा क्षेत्र सदा खुशियों से झूमता रहता है। मगर यह चिंता की बात है कि जिस तरह लोगों द्वारा माँ नर्मदाजी को प्रदूषित किया जा रहा है वह निश्चित अच्छी बात नही मानी जा सकती है। इस नर्मदा जयंती के मौके पर हम सभी भक्तों को इस बात की शपथ लेने की जरूरत है कि न हम कभी माँ नर्मदा को प्रदूषित करेगे और न होने देगे तभी सच्ची श्रद्घा मानी जा सकती है। वही नर्मदा भक्त धमेन्द्र भार्गव का कहना है कि क्षेत्र की सदा ही रक्षा करने वाले माँ नर्मदा जयंती प्रतिवर्ष क्षेत्र के लोगों द्वारा बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाई जाती है और इसी प्रकार से इस वर्ष भी माँ नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर क्षेत्र में जहां तहां निकाली जावेगी जो बड़ी ही श्रद्वा के साथ माँ रेवा मैय्या को अर्पित की जावेगी। माँ को अर्पण करने वाली नर्मदा चुनरी यात्रा में जिस प्रकार से लोग भाग लेते हुए क्षेत्र को पूर्ण रूप से धर्ममय बना दिया जाता है । इसी प्रकार से माँ नर्मदा के भक्त प्रदीप कौरव ने चर्चा के दौरान बताया कि माँ नर्मदा क्षेत्र की जनता पर सदा आशीष बरसाती है जिसका परिणाम है कि क्षेत्र में कभी कोई बड़ा संकट नही आता है। क्षेत्र की खुशहाल बनाने में माँ नर्मदा सदा ही कृपा करती रहती है। इस लिए हर नागरिक का धर्म में ही इस समय रेवा मैय्या में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए एक







अभियान चलाते हुए रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। हम सभी का दायित्व है कि माँ नर्मदा को प्रदूषण से बचाने के लिए लगातार प्रयास करना होगा। माँ नर्मदा भक्त व समाज सेवी मुकेश बसेड़यिा का कहना है कि सदा ही क्षेत्र की जनता को खुशहाली का बरदान देने वाली माँ नर्मदा की जयंती प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जा रही है और लोगों में माँ नर्मदा जयंती मनाने के लिए जो उत्साह देखने मिल रहा है। उसका प्रमाण कल शुक्रवार को नगर में निकाली गई भव्य चुनरी यात्रा में उमड़े हुये जन सैलाव को देखते हुये यह प्रतीत हो रहा है कि कल रविवार को नर्मदाजी की जयंती के पावन अवसर पर माँ नर्मदा के तटों पर अनोखी छटा देखने मिलेगी। बसेड़िया ने आमजन से अपेक्षा व्यक्त करते हुए नर्मदा भक्तों ने कहा है कि माँ नर्मदा जयंती के अवसर पर लोग दीपदान करते हुए प्लास्टिक व पन्नी वाले दोनों का उपयोग न करते हुए आंटे से निर्मित दीपक के माध्यम से ही दीपदान करते हुए माँ नर्मदा के संरक्षण में अपनी अहिम भूमिका निभाये। क्योंकि जिस प्रकार से हम माँ नर्मदा की रक्षा करेंगे तो निश्चित ही हम पर भी रैवा मैय्या कृपा करती रहेगी।

## श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ के माध्यम से बह रही धर्म की गंगा में गोता लगाने उमड़ रहा जन सैलाब, धर्म की रक्षा के लिये युवा पीढ़ी को धर्म मार्ग से जुडने की जरूरत- रामस्वरूपाचार्य

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।


नगर की इंदिरा कॉलोनी के आजाद वार्ड में चल रहे चार वेद ,18 पुराण व 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चलते जिस तरह नगर में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ के साथ माँ सरस्वती जी का प्रकटोत्सव के बाद नर्मदा जन्मोत्सव का जो त्रिवेणी संगम बना हुआ है उसके चलते जहां संपूर्ण क्षेत्र इस समय धर्ममय होने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर नगर के आजाद वार्ड के मार्ग से लक्ष्मी नारायण यज्ञ के माध्यम से बह रही धर्म की गंगा में हर क्षेत्रवासी गोता लगाने के उताबला होने से नही चूक रहा है। इसी का परिणाम है कि इस महायज्ञ में प्रतिदिन भक्तों का जन सैलाब उमड़ने से नही चूक रहा है। यहां पर बनाई गई 108 कुण्डीय की विशाल यज्ञ वेदी की परिक्रमा लगाने से नही चूक रहे है। क्योंकि किसी भी यज्ञ में पहुंचने का सही फल तब ही माना जाता है जब वहां पर बनी हुई यज्ञ वेदी की परिक्रमा लगाई जावे। इस तरह लगभग 210 मीटर गोलाई से बनाई गई यज्ञ वेदी में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में महिला पुरूषो के साथ बच्चों को परिक्रमा लगाते हुये देखा जा रहा है। कोई पांच परिक्रमा लगा रहा है तो 11 वही कुछ 21 व 51 परिक्रमा तक पहुंच पाते है। वही 108 परिक्रमा का विशेष महत्व मना जाता है। वही यज्ञ के प्रथम दिवस गुरूवार को श्री श्री 1008 जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज कामदगिरी पीठाधीश्वर चित्रकूट धाम द्वारा भगवान श्रीराम जी की कथा सुनाते हुये मौजूद श्रोताओं को भक्ति में लीन करने में कोई कसर नही छोड़ी गई। इस दौरान उन्होने कहा कि यदि धर्म की रक्षा करना है तो हमे अपने बच्चों को धर्म की राह पर चलाने के लिये जागरूक करना होगा। हमें भगवान राम व केवट प्रसंग की कथा सिखाती है कि बच्चों को छोटे से ही भगवान से जोड़ना चाहिए। क्योकि केवट ने जब भगवान के पैर धुलाते हुये अपने बच्चों को भी धर्म के मार्ग पर ला दिया गया था। यदि हम घर में पूजा करते है उसमें बच्चों को शामिल करेगे तो वह भगवान से जुडने की शुरूआत कर देते है। इस दौरान कामदगिरी महाराज द्वारा बताया कि गौ माता गौमाता का दर्शन मात्र से ही 33 करोड़ देवी देवताओं का दर्शन हो जाता हैं। मगर हम गौमाता की सेवा करने की जगह अन्य प्रकार के पशुओं की सेवा करते हुये देखे जा रहे है जो घर को गंदा करने से नही चूकते है। वही इस दौरान युवा पीढ़ी को जागरूकता का संदेश देते हुये कहा कि जब कोई व्यक्ति किसी की देखा देखी में होड़ करते हुये खर्च करने लगाता है तो वह बर्बाद होने से नही चूकता है। हमें अपनी आय के हिसाब से ही खर्च करना चाहिये पडौसी को देखकर नही। वही आयोजन के दूसरे दिवस यानि की शुक्रवार को कथा व्यास प्रदीप मणि द्वारा दोपहर के समय भागवत कथा पुराण सुनाते हुये कहा कि जीवन जीना सीखना है तो श्री रामायण से सीखो और मरना सीखना है तो भागवत गीता से सीखो। त्रिवेणी संगम में गंगा, जमुना, सरस्वती का मिलन होता है। मिलन में गंगा जमुना तो दिखाई देती हैं। लेकिन सरस्वती को कोई नहीं देख पाता, सरस्वती को देखने के लिए कई बार प्रयास करने पड़ते हैं। लेकिन सफलता नहीं मिलती। इसी तरह गीता में विज्ञान, वैराग्य और भक्ति है। लेकिन विज्ञान और वैराग्य तो दिखाई देता है। लेकिन भक्ति नहीं दिखाई देती है, भक्ति को देखने के लिए लीन होना पड़ता है। इस दौरान कथा व्यास द्वारा ज्ञान भक्ति वैराग्य की कथा श्रवण करते हुए मोक्ष प्राप्ति की कथा श्रवण कराई। साथ ही नारद संवाद, परीक्षित जन्म, वस्ता के दस लक्षण, रसिका भूवि भाविका, कुन्ती चरित्र सहित विदुर मैत्री प्रसंग की कथा श्रवण कराई। इस दौरान उन्होने कहा कि यदि अपने जीवन को सफल बनाता है तो अपनी वाणी पर ध्यान देने की जरूरत है। हमेशा मधुर मीठा बोलो। क्योंकि जिस तरह कौवा दिन भर कांय कांय करता है। लेकिन कोई नहीं सुनता मगर जब कोयल बोलती है तो सब ध्यान से सुनते हैं इसी लिए कोयल बनो कौवा नहीं। जीवन का कल्याण भगवत भजन से होगा। क्योंकि जीव का जन्म प्रभु की भक्ति के लिए हुआ है, प्रभु का भजन जो जीव नहीं करता है। वह पशु के समान होता है। यदि मानव जीवन को सफल बनाना है तो भगवान की भक्ति से जुडकर सफल बनाया जा सकता है।



## अयोध्या राम मंदिर के स्थापना दिवस पर जहां तहां आयोजित हुये पूजन के कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** निश्चित ही भगवान राम लला की नगरी अयोध्या में मंदिर का निर्माण होने के बाद भगवान की स्थापना 22 जनवरी को लोग कभी भुला नही पायेगे। इस प्रकार से मंदिर के स्थापना दिवस की दूसरी वर्षगांठ के पावन अवसर पर नगर के मंदिरों में जहां तहां धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर नगर के पुराने बिजली आफिस के पास स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों द्वारा दुल्हन की तरह सजाते हुये जहां रात के समय लगभग 11 सौ दीपक जलाते हुये राम मंदिर की स्थापना दिवस मनाते हुये भव्य पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान आयोजित किये गये विशाल भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसादी ग्रहण करते हुये आर्शीवाद लिया गया। इस प्रकार से नगर सहित क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी 22 जनवरी को धर्म के एक नये युग की शुरूआत बताते हुये अनेक आयोजन किये गये।

### बाजार में छले जा रहे उपभोक्ताओं का भगवान ही मालिक, पक्के बिल देने से कतरा रहे व्यापारी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर सहित क्षेत्र के बाजारों में बढ़ रही बाजारो की चकाचौंध बढ़ने के साथ ही आस पास के गॉवो में स्थित दुकाने भी आधुनिक दौर की मनचाही चीजो से सजने लगी है। जीवन शैली बदलने, उपभोक्ता वादी संस्कृति की वजह से बाजार का विस्तार हो रहा है। यह बात अपनी जगह सही है, किन्तु हकीकत यह है कि चमकते, दमकते बाजार में वर्तमान में उपभोक्ता की हैसियत ऐसी आदमी की रह गयी है, जो चुप चाप बिना मोल तोल किए अपनी जरूरी की चीजें खरीदकर घर वापिस हो जाते है। जाहिर है व्यापारी मुनाफा कमाने के चक्कर में इतनें संबेदन हीन हो गए है कि उन्हे उपभोक्ताओं को हितों को नजर अंदाज करने में मजा आ रहा है।

## शिक्षण संस्थाओं में बडे ही धूमधाम के साथ मनया माँ सरस्वती का प्रकटोत्सव



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शुक्रवार को नगर सहित क्षेत्रीय स्कूलों मे विद्या की देवी माँ सरस्वती जी का प्रकटोत्सव यानि की बसंत पंचमी बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। बताया जाता है कि इस अवसर पर क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। वही क्षेत्र के प्राथमिक, माध्यमिक तथा हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों मे शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती के चित्र एवं प्रतिमा पर तिलक लगाकर माला पहनाई गईं एवं भोग लगाया गया पूजन अर्चन करने के साथ हवन के कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस तरह सोमवार को स्कूल खुलने के बाद से ही छात्र छात्राओं मे बसंत पंचमी मनाये जाने के लिए अभूतपूर्ब उत्साह देखा गया। वही दूसरी ओर कुछ छात्र छात्राएं तो घर से ही पुष्प एवं पूजन सामग्री स्कूल लेकर आये। पूजन के समय सरस्वती वंदना का भी गायन किया गया। अंत मे प्रसाद वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बसंत पंचमी पूजन का समापन किया गया। उल्लेखनीय हे कि शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा भी बसंत पंचमी को विद्यालय दिवस के रूप मे मनाये जाने की अपील की गईं थी।

## इमलिया की जागृति ने मिस नरसिंहपुर का खिताब जीत कर किया गांव का नाम रोशन




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** कहा जाता है कि प्रतिभायें कभी जन्म, परस्थिति वातावरण की मोहताज नहीं रहती है। उसे अवसर मिलने पर वह उभरकर सामने आने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई शहर के समीपस्थ एक गांव की बेटी जागृति कौरव द्वारा साबित करते हुये दिखाया गया है। बताया जाता है कि समीपस्थ ग्राम इमलिया की रहनी बाली जागृति कौरव ने नरसिंहपुर जिले का मिस सेकंड रनर अप का खिताब जीतकर अपने गांव व गाडरवारा सहित संपूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया गया है। ज्ञात हो कि जागृति ग्रामीण इमलिया के प्रतिष्ठित नागरिक अशोक कौरव की पुत्री है। कक्षा दसवीं में अध्ययनरत 16 वार्षिय जागृति ने यह खिताब जिस तरह चुनौतियों से भरा था। मगर उसे हासिल करने में सफलता प्रापत की गई। क्योंकि एक से बढ़कर एक प्रतिभागीयो ने आयोजन में हिस्सा लिया था। वही इतने लोगों के बीच से निकल कर आना बड़ी बात थी। मगर अपनी लग्न व प्रयासों के चलते सफलता हासिल करने में जाग्रति पीछे नही रही।

### विकास कार्यों पर लगे सवालिया निशान, शासन की राशि का सही नहीं हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र की सुविधा हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं तथा अपने कोटे की निधि से विकास कार्य करवाये जाते हैं लेकिन अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से इन निधियों का सही तरीके से उपयोग नहीं हो पाता और लाखों करोड़ों रूपयों की लागत से निर्मित विकास कार्यों की चंद महीनों में ही पोल खुलने लगती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत अनेक गांवों में किए गए विकास कार्यों पर शासन द्वारा खर्च की गई राशि को देखते हुए जान पड़ रह है? इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने बताया कि यहां पर अन्य निधियों से निर्मित पुलिया, सीसी रोड, पंचायत भवन, शाला भवन, चबूतरे तथा अन्य निर्माण किये गए हैं साथ ही शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं सहित भी विकास कार्य जनप्रतिनिधियों के प्रयास से हुए हैं । मगर उनमें बरती गई गुणवत्ता की सच्चाई वह निर्माण कार्य अपने निर्माण के पूर्ण होने के चंद दिनों बात स्वयं बताते हुए जान पड़ रहे है? इस संबंध में बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कार्य शासकीय अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत से हुए हैं, उन निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग कर भवन, सीमेंट मार्ग, मुरमीकरण, कुंआ निर्माण आदि शामिल है। यदि इन निर्माण कार्यो की सच्चाई की निष्ठा के साथ जांच कराई जावे तो क्षेत्र के अनेक पंचातयों की सच्चाई सामने आ सकती है।

### पौधा रोपण के दौरान की गई अनदेखी बन रही परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर को हरियाली की चुनरी पहनाने के लिये अनेक समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पौधा रोपण किया जाता है उसकी निश्चित तौर से जहां सराहना होने से नही चूक पाती है। इस तरह पर्यावरण की रक्षा करने के लिये की जाने वाली पौधा रोपण की मुहिम निश्चित तौर से सराहनीय है। मगर पौधा रोपण के दौरान स्थल का चयन करने में बरते जाने वाली लापरवाही निश्चित तौर से परेशानी का कारण बनने के साथ साथ आम लोगों के जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से भी नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर में कुछ वर्ष पहले जहां तहां रोपे गये पौधा जो इस समय पेड़ बनने की ओर अग्रसर होते हुये देखे जा रहे है मगर उन पर कुल्हाडी चलाने के लिये लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन हरे भरे वृक्षों पर लोग कुल्हाडी चलाने का मन तो नही बना पाते है । मगर भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना या फिर परेशानी के चलते उन्हें इस तरह का कदम उठाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाने लगा है। क्योंकि पौधा रोपण करने वाले संस्थाओं द्वारा स्थल का चयन करने में की गई अनदेखी का परिणाम इस तरह से किया गया है कि पौधों को मुख्य नालियों के किनारे या फिर बिजली तारों के नीचे

### नगर में दौड़ रहे बगैर नम्बर प्लेट के वाहन, जिनको चलाते हुए नाबालिग

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर में प्रतिदिन यातायात व्यवस्था खराब होते जा रही ही, इस समस्या की ओर अनेको बार जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित नगर के समाज सेवको द्वारा पुलिस के वरिष्ट अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया था फिर भी यातायात विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है, जिसके कारण नगर में बिना नंबर प्लेट की गाड़ी दो पहिया वाहनों में तीने सवारी, छोटे छोटे बच्चों का सरपट वाहनों को दौड़ने के साथ साथ वाहनो में कान फोड़ू व ककर्स हार्न लगाने का क्रम जारी है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन दिनों नगर में चलने वाले लगभग 40 प्रतिशत टू व्हीलर वाहन व 40 प्रतिशत चौपाहिया वाहन शामिल है, जो प्रतिदिन नगर के मुख्य चौराहों से बेखौफ होकर गुजरते बगैर नबंर के वाहन दिखाई देतें है फिर भी पुलिस इन पर ना तो कोई कार्यवाही कर पा रही है ना उनको पकड़ने में कोई अंकुश अभी तक लगा पाई है, जिसके चलते नगर में इन दिनों नाबालिग बच्चों को गाड़यिां चलाने का जुनून सा दिख रहा है, जिसमें दोपहिया गाड़यिों में तीन लोग सवार होकर फर्राटे से और मस्ती करते हुए दौड़ा रहे है, जो कभी भी रास्ते से गुजरने वाले राहगिरों को अपनी चपेट में ले लेते है तथा कई बार यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दूसरे वाहनों को प्रभावित करते है। उल्लेखनीय है कि नगर में अनेक ऐसे लोग है जो बिना लायसेंस, ट्रीपल सीट सवारी, बिना नंबर प्लेट सहित दर्जनों अनियमिताता के साथ प्रतिदिन नगर के प्रमुख स्थानों तथा थाने व विभागीय कर्मचारियों के सामने से कई वाहन गुजरते दिखाई देतें है, लेकिन विभाग इस ओर तत्परता नही दिखाने के कारण लोग बेखौफ होकर वाहन दौड़ा रहे है।

# खबर का असर: 1.23 करोड़ से बने स्कूल भवन के खुले ताले, साफ-सफाई शुरू

शहपुरा।

**शहपुरा मुख्यालय स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए 1 करोड़ 23 लाख की लागत से निर्मित नए भवन को लेकर हरिभूमि समाचार पत्र में गुरुवार को प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है।**


हरिभूमि
एक करोड़ 23 लाख की लागत से बने हायर सेकेंडरी स्कूल का अब तक नहीं हुआ लोकार्पण



खबर प्रकाशित होते ही प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए लंबे समय से बंद पड़े विद्यालय भवन का ताला खुलवाया और परिसर में साफ-सफाई का कार्य शुरू करा दिया।उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित इस विद्यालय भवन का निर्माण कार्य एजेंसी मेसर्स मां नर्मदा बिल्डिंग सप्लायर्स के माध्यम से लगभग छह माह पूर्व ही पूर्ण कर लिया गया था। इसके बावजूद अब तक न तो भवन का लोकार्पण हो सका और न ही इसे विधिवत विद्यालय प्रशासन को सौंपा गया, जिससे शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े हो रहे थे।विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक कुल 204 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जो अब तक पुराने, जर्जर और असुरक्षित भवन में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर थे। बरसात के मौसम में छत से पानी टपकने और कमजोर दीवारों के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में लगातार चिंता बनी हुई थी। इस गंभीर जनहित मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, साफ-सफाई सहित आवश्यक तैयारियां पूरी होते ही विद्यार्थियों को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया जाएगाइस त्वरित कार्रवाई से विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

## खबर संक्षेप

### नगर परिषद डिंडोरी में पीएम स्वनिधि योजना कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण



**डिंडोरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 23 जनवरी 2026 को केरल के तिरुवनंतपुरम से आयोजित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर परिषद डिंडोरी के बैठक कक्ष में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशभर के नागरिकों को संबोधित करते हुए पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत एक लाख से अधिक प्रकरणों के वितरण एवं क्रेडिट कार्यों के शुभारंभ की जानकारी दी और योजना के उद्देश्य व लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।सीधे प्रसारण कार्यक्रम में नगर के पथ विक्रेताओं तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अशोक सारस की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें स्वरोजगार को सशक्त करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग मिल रहा है।नगर परिषद परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 50 हितग्राहियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन की सराहना करते हुए योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का संकल्प व्यक्त किया।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन



फाइनल में भरौठी टीम ने पायली घुघरी को हराकर जीता खिताब

**शहपुरा** - शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पहरूवा में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पायली घुघरी एवं भरौठी गांव की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले में भरौठी टीम ने पायली घुघरी टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की लगभग 20 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बे का परिचय दिया। समापन अवसर पर आयोजनकर्ताओं द्वारा विजेता भरौठी टीम को 10,000 रुपये नकद एवं शील्ड, वहीं उपविजेता पायली घुघरी टीम को 5,000 रुपये नकद एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और प्रतियोगिता को सफल आयोजन बताया गया।

### ग्राम पंचायत मानिकपुर में उत्साह के साथ मनाया गया आनंद उत्सव



**शहपुरा** - शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर के खेल मैदान में शासन के निर्देशानुसार आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला।आनंद उत्सव के दौरान बोरा दौड़, जलेबी दौड़, खो-खो, मेंढक दौड़, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने पूरे जोश के साथ भाग लिया।

## नर्मदा जयंती व गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक




**डिंडौरी।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में 25 जनवरी नर्मदा जयंती एवं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों आयोजनों को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।कलेक्टर ने अधिकारियों को आपसी समन्वय और सहयोग के साथ नर्मदा जयंती एवं राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व सभी के लिए गौरव का विषय हैं और इन्हें अनुशासन, एकता एवं भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए।बैठक में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपते हुए सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की कि मां नर्मदा जयंती का पर्व आपसी सौहार्द, शांति और श्रद्धा के साथ मनाएं।

# माँ नर्मदा जयंती पर्व को शहर में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित, विशेष पार्किंग व रूट डायवर्जन लागू

डिंडौरी

माँ नर्मदा जयंती पर्व के अवसर पर 25 जनवरी 2026 को डिंडौरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। जारी एडवाइजरी के अनुसार 25 जनवरी को प्रातः 8 बजे से शहर के भीतर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। शहर में प्रवेश केवल पैदल यात्रियों के लिए मान्य रहेगा।यातायात पुलिस ने बताया कि दिव्यांगजन एवं बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्धारित पार्किंग स्थलों से ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है, जिससे वे आसानी से दर्शन स्थल तक पहुंच सकें।



बुजुर्ग सेवा यान

मां नर्मदा प्रकटोत्सव पर्व के दौरान दिनांक 25.01.2026 को वाहन प्रतिबंध के दौरान बुजुर्गों / दिव्यांगजनों के आवागमन हेतु निम्नांकित वाहन निम्नांकित स्थानों पर उपलब्ध रहेंगे -

| क्र. | प्वाइंट का नाम | वाहन नंबर | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | कलेक्ट्रेट तिराहा पर मिलने वाले वाहन | MP52 ZC 1348 | 6263648953 |
| 2 | | MP52 ZB 8179 | 9516413006 |
| 3 | | MP52 ZC 8479 | 7747043564 |
| 4 | | MP52- 0884 | |
| 5 | | MP52 ZC 1342 | |
| 6 | मण्डला रोड स्टेण्ड में मिलने वाले वाहन | MP52 ZB 8450 | 7879404233 |
| 7 | | MP52 ZB 6208 | 8433937217 |
| 8 | | MP52 ZC 8492 | 9630107217 |
| 9 | | MP52 ZB 1154 | 8120889470 |
| 10 | | SOLD | 6266907742 |
| 11 | कालेज तिराहा में मिलने वाले वाहन | MP52 ZC 0488 | 9174390931 |
| 12 | | MP52 ZA 5584 | 7869913995 |
| 13 | | MP52ZC 0795 | 9399288006 |
| 14 | | MP52 ZB 8883 | 9516552196 |
| 15 | | MP52 ZA 5399 | 7489133898 |
| 16 | साकेत नगर तिराहा / डेम घाट से मिलने वाले वाहन | MP52 ZB 7709 | 8839403930 |
| 17 | | MP52 ZB 7641 | 9516907574 |
| 18 | | MP52 ZB 8942 | 8815811639 |
| 19 | | MP52 ZC 7844 | 9301328347 |
| 20 | | MP52 ZB 1691 | 7828148648 |

### श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था

जबलपुर रोड से आने वाले श्रद्धालु चन्द्र विजय कॉलेज ग्राउंड में अपने वाहन पार्क करेंगे। मुड़की रोड की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कोणार्क गार्डन में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मण्डला बायपास रोड से आने वाले वाहन कस्तूरबा कन्या शाला मैदान एवं नवीन यातायात थाना परिसर में खड़े किए जाएंगे। वहीं अमरकंटक एवं समनापुर मार्ग से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहन खनूजा कॉलोनी अथवा कलेक्ट्रेट खेल मैदान में पार्क कर पैदल शहर में प्रवेश करेंगे।

### रूट डायवर्जन व्यवस्था

मुड़की की ओर से मण्डला एवं जबलपुर जाने वाले वाहनों को जोगीटिकरिया मार्ग से भेजा जाएगा। अमरकंटक एवं समनापुर से जबलपुर व मण्डला जाने वाले वाहनों को बायपास मार्ग का उपयोग करना होगा। मुख्य शहरी मार्गों में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

### अस्थायी बस स्टैंड

जबलपुर रोड से आने-जाने वाली बसों के लिए केन्द्रीय विद्यालय ग्राउंड, गुडकी रोड की बसों के लिए डी.पी.एस. स्कूल ग्राउंड तथा मण्डला, अमरकंटक एवं समनापुर रोड की बसों के लिए मण्डला रोड बस स्टैंड निर्धारित किया गया है।यातायात पुलिस ने नागरिकों से निर्धारित व्यवस्था का पालन करने की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए थाना प्रभारी यातायात सुभाष उईके से मोबाइल नंबर 8305599305 पर संपर्क किया जा सकता है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुद्ध जल आपूर्ति इकाइयों का किया निरीक्षण, एक प्रतिष्ठान सील

**डिंडौरी। कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा डिंडौरी नगर में संचालित शुद्ध पेयजल आपूर्ति इकाइयों का निरीक्षण किया गया।**



निरीक्षण का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना तथा मानकों का पालन सुनिश्चित करना रहा।निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक-6 स्थित राम स्नेही धाम क्षेत्र में संचालित *नर्मदा सर्व जल* का अवलोकन किया गया। यहां आरओ मशीन के माध्यम से जल को फिल्टर कर 20 लीटर के केन में भरकर उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जा रही थी। मौके पर पीएचई विभाग की जल परीक्षण रिपोर्ट तथा श्रम एवं उद्यमिता विभाग द्वारा जारी आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए गए। परिसर की फर्श एवं दीवारें साफ-सुथरी और स्वच्छ पाई गईं।इसके पश्चात देवरा तिराहा, कोणार्क गार्डन के समीप स्थित कोणार्क शुद्ध जल का निरीक्षण किया गया। यहां भी आरओ मशीन से फिल्टर किए गए जल की केन के माध्यम से आपूर्ति की जा रही थी। प्रतिष्ठान में एक्सीलेंट लैब, जबलपुर द्वारा जारी जल परीक्षण रिपोर्ट एवं श्रम विभाग के प्रमाण-पत्र उपलब्ध पाए गए। परिसर एवं केन स्वच्छ स्थिति में थे। निरीक्षण के क्रम में अमरपुर रोड, मंडला बस स्टैंड के पास स्थित राजपूत वाटर सप्लाई में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। पानी की टंकी की निचली सतह गंदगी से भरी हुई थी। मौके पर न तो जल परीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध थी और न ही अन्य आवश्यक वैधानिक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए गए। परिसर में पानी का जमाव, गंदगी एवं कीट पाए गए, जबकि बिना परीक्षण के पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी।खाद्य सुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के तहत राजपूत वाटर सप्लाई को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि जब तक सभी आवश्यक मानकों की पूर्ति एवं वैधानिक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाते, तब तक जल आपूर्ति का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।

### डेम घाट पर एक हजार दीपों का हुआ सामूहिक प्रज्वलन

# बसंत पंचमी पर कलेक्टर ने मां सरस्वती व मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की



**डिंडौरी।** तीन दिवसीय मां नर्मदा जयंती महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मां नर्मदा डेम घाट पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मां सरस्वती एवं मां नर्मदा की आराधना कर चुनरी अर्पित की तथा जिले की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम के दौरान डेम घाट पर एक हजार दीपों का सामूहिक प्रज्वलन किया गया, जिससे पूरा घाट क्षेत्र दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, उपाध्यक्ष सारिका नायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, मंदिर के पुजारी, घाट समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मां नर्मदा से जिले की उन्नति, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

## शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी में गरिमामय ढंग से मनाई गई बसंत पंचमी व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती



**मेंहदवानी।** शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी में प्राचार्य डॉ. लेखराम कुर्मी के कुशल निर्देशन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक श्रीमती सुंदरवती यहके के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित त्रैमासिक गतिविधियों के अंतर्गत बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान, विद्या और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं वंदना के साथ किया गया। वक्ताओं ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे ज्ञान, सृजन और नवचेतना का पर्व बताया। इसके पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों—देशभक्ति, त्याग और अनुशासन—को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए लोकगीत, लोकनृत्य एवं देशभक्ति गीतों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहना के साथ खूब तालियां बजाकर प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ—डॉ. शशिकांत चंदेला, श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव, श्रीमती अमृता सूर्यवंशी, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. रुचिका वर्मा एवं डॉ. नितिन्का रघुवंशी—की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती सुंदरवती यहके द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. लेखराम कुर्मी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी सांस्कृतिक पहचान की मूल धरोहर है, जिसे समझना और जीवन में आत्मसात करना आज के युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताते हुए आयोजकों एवं प्रतिभागियों को बधाई दी।कार्यक्रम राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना और भारतीय ज्ञान परंपरा के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# ग्राम पंचायत भोंडासाज में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन



**मेंहदवानी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मेंहदवानी के मार्गदर्शन तथा नवांकुर संस्था शिवांश जन कल्याण समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भोंडासाज के सहयोग से ग्राम पंचायत भोंडासाज में सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय—ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम चौपाल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श रूप सिंह मरावी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर तिलक, वंदन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया।कार्यक्रम का संचालन मेंटर दीपेंद्र साहू ने किया। उन्होंने ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने, घरेलू उत्पादों के उपयोग, घर में ही सब्जी एवं मसाले तैयार करने, अधिक से अधिक पौधारोपण, पौधों की सुरक्षा, जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इन प्रयासों से गांव को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जा सकता है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र अवंती मरावी, दम्यमती कुशराम सहित प्रस्फुटन समिति के प्रमुख मेरी लाल यादव, पंच कुमेश पट्टा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमला धुर्वे, कोटवार भूपर दास एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम ग्रामीण सहभागिता, सामाजिक जागरूकता एवं ग्राम विकास के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर शाहपुर में निकाली गई कलश शोभायात्रा

डिंडोरी।



कस्बा शाहपुर में आगामी 27 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में रविवार को हिन्दू सकल समाज एवं विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के तत्वावधान में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ प्राचीन बूढ़ी माई मंदिर में देवी-देवताओं एवं भगवान हनुमान की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालु नगर भ्रमण पर निकले।उल्लेखनीय है कि 27 जनवरी को होने वाला विराट हिन्दू सम्मेलन सिद्धधाम अमोलेश्वर धाम के महंत श्री बच्चू बाबा जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। इसी क्रम में हिन्दू सकल समाज एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा सम्मेलन को लेकर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।कलश शोभायात्रा के माध्यम से हिन्दू समाज ने अधिक से अधिक सनातनी बंधुओं से सम्मेलन में सहभागिता कर आयोजन की गरिमा बढ़ाने का आह्वान किया। शोभायात्रा में धार्मिक उत्साह और अनुशासन देखने को मिला, वहीं श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।कलश यात्रा में प्रमुख रूप से मनोहर ठाकुर, सुरेन्द्र सिंह महदेले, सरपंच राजू बनवासी, राज साहू, कमलेश साहू, राजू शर्मा, अमित साहू, संजू झारिया, राजकिशोर शुक्ला, संतोष साहू, रेवा पांडे सहित बड़ी संख्या में सकल हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में जगह जगह हुआ सरस्वती पूजन



**तेंदूखेड़ा।** बुद्धि विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती जी के प्रकटोत्सव का पर्व बसंत पंचमी पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास के स्कूलों एवं मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। शिक्षकों के साथ साथ छात्र छात्राओं ने भी पूजन में भाग लिया। वंदना की गई। प्रसाद वितरण किया गया। तेंदूखेड़ा में स्थित सरस्वती मंदिर शिशु मंदिर परिसर सभी स्कूलों में डोभी इमझिरा और विल्थारी छत्तरपुर स्कूलों में भी पूजा पाठ संपन्न हुआ।

### वर्षगांठ मनाई



**तेंदूखेड़ा।** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की वर्षगांठ के पुनीत अवसर पर जगह-जगह अनेक धार्मिक आयोजन किए गए तेंदूखेड़ा के कृषि उपज मंडी परिसर में विराजमान हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई रंगोली सजाकर दीप प्रज्वलित कर प्रसादी वितरण किया गया। नगर में संगीतमय चलीसा और सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया गया।

### निर्झणी महोत्सव में प्रस्तुति देंगे राजेश दुबे



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा गत वर्षो की भांति माँ नर्मदा जन्मोत्सव पर नर्मदा नदी के प्रमुख घाटों पर आयोजित निर्झणी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रसिद्ध घाटों पर किया जा रहा है। जिसमे देश व प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे। इसी क्रम में भेड़ाघाट जबलपुर में निर्झणी महोत्सव सुमधुर गायक पं. राजेश दुबे अपनी प्रस्तुति देंगे।

### सरस्वती विद्यालय में विद्यारंभ, पट्टी पूजन संस्कार सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में जिव्हा जागरण पट्टी पूजन विद्यारम्भ संस्कार विशिष्ट अतिथि श्रीमती संध्या कोठारी वरिष्ठ समाज सेवी एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, मुख्य अतिथि रिया जाट सरपंच ग्राम खैरी भारत विकास परिषद मातृ शक्ति श्रीमती भारती कौरव, जया शर्मा, ज्योति तिवारी, मुख्य ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ प्रेमचंद शाक्य, अशोक कुमार साहू व्यवस्थापक धर्मेन्द्र सिंह ममार प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटेल की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संस्कार आचार्य रामशंकर पटैल के द्वारा सम्पन्न कराया गया। विद्यालय के हरित मण्डप में ढाई से पांच वर्ष के प्रथम प्रवेशित शिशु जिनकी शिक्षा अभी आरम्भ नहीं हुई है का संस्कार अभिभावकगण, आचार्य परिवार की उपस्थिति में हवन अनुष्ठान के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया।

## पुलिस का छपरियों को साफ संदेश

# फब्तियां कसते हुए बनाई रील, दोनों आरोपी गिरफ्तार



### छपरी रील बाज पहुंचे सलाखों की पीछे

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** वर्तमान युग सोशल मीडिया का युग है प्रत्येक हाथ में मोबाइल होने के कारण सभी अपनी प्रतिभा को निखारते हुए नजर आते है लेकिन कुछ अभद्र रील भी वायरल हो रही है। जिसके कारण सोशल मीडिया से लोग कतराने लगे है। ऐसा ही मामला नरसिंहपुर शहर से सामने आया जहां पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासी दो युवकों द्वारा नगर मे आकर रील बनाई और महिलाओं एवं युवतियों को लेकर फब्तियां कसी गई। रील सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसकी सभी के द्वारा निंदा की गई। उक्त संबंध मे टिप्पणी की जाने लगी तो उक्त रील पुलिस के पास पहुंची और पुलिस ने दोनो रील बाजों को दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

### मामला इस प्रकार

विगत दिवस थाना स्टेशनगंज अंतर्गत स्कूली छात्राओं पर कुछ अज्ञात लड़कों द्वारा अभद्र टिप्पणी करते सोशल मीडिया पर अपलोड़ किया गया। वीडियों संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक, द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष पुलिस टीम का गठन किया जाकर आरोपियों को गिरफ्त में लेने हेतु निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा तत्परता के साथ कार्रवाई करते हुए तकनीकी माध्यमों से पतासाजी की गई। आरोपियों की पहचान एवं पुष्टि किए जाने उपरांत दोनों आरोपियों को ग्राम डांगीढ़ना से सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजेन्द्र लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम चौराखेडा एवं अमित सेन उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम डांगीढाना को गिरफ्तार कर मुख्यमार्ग से पैदल ले जा कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी है।

### पुलिस को दे सूचना

पुलिस अधीक्षक एवं नरसिंहपुर पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि, अभद्र टिप्पणी अथवा सोशल मीडिया के दुरुपयोग की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा हेतु नरसिंहपुर पुलिस प्रतिबद्ध है। पुलिस की कार्रवाई की जागरूक नागरिकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। नागरिक एवं नव युवकों को चाहिए की सोशल मीडिया का उपयोग सावधान पूर्वक करें। किसी प्रकार की अभद्र रील या वीडियो अपलोड ना करे और ना ही सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करे यदि किसी के द्वारा ऐसी अभद्रता की जा रही है तो तुरंत पुलिस की मदद ले।



### परिजनों को दी आर्थिक सहायता राशि




जिले में पदस्थ रहे उपनिरीक्षक स्व. नीलेश बड़कुर की ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना मे मृत्यु हो गयी थी। पुलिस विभाग द्वारा संचालित पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत स्व. नीलेश बड़कुर की पत्नि श्रीमति सोनाली बड़कुर को 01 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस का प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी हमारे परिवार का अभिन्न अंग है। ड्यूटी के दौरान किसी भी पुलिसकर्मी के साथ घटित होने वाली अप्रिय घटना केवल उस परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे पुलिस बल की क्षति होती है। पुलिस सैलरी पैकेज योजना इसी भावना के साथ लागू की गई है, ताकि कठिन समय में शहीद अथवा दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को आर्थिक एवं मानसिक संबल मिल सके। अतः पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से अपील की जाती है कि वे अपने वेतन खाते को पुलिस सैलरी पैकेज में परिवर्तित कराएँ, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति की अवस्था में उनके परिजनों को आवश्यक आर्थिक संबल प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में आशीष सरादे, मुख्य प्रबंधक, एसबीआई, शाखा, उदयपुरा, जिला रायसेन, शुभम श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक (एसबीआई), नरसिंहपुर, एवं बड़ी सख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया तेजस्वी मेले का अवलोकन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में तेजस्वी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा तेजस्वी मेले एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समस्या-समाधान क्षमता, नवाचार एवं उद्यमशील मानसिकता का विकास करना रहा। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सभी उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने समस्या एवं समाधान विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं, वहीं कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को उद्यमशील मानसिकता विकसित करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विभिन्न उत्पादन एवं नवाचार सामग्री को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। कलेक्टर द्वारा मेले का अवलोकन कर विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी प्रदर्शनी सामग्री, उत्पादन प्रक्रिया एवं समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर तेजस्वी टीम प्रभारी श्री गर्ग एवं जिला परियोजना अधिकारी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल समन्वय विद्यालय के प्राचार्य शेलेन्द्र बक्शी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-कर्मचारी, बाहर से आए अतिथिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ओवर लोर्डिंग व अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में खनिज विभाग की जिला स्तरीय टॉक्स फोर्स समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में तेंदूखेड़ा एवं सुआतला क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ओवरलोडिंग के तीन प्रकरण तथा अवैध परिवहन का एक प्रकरण बनाते हुए कुल 4 वाहनों को जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीम ने जांच के दौरान



गिट्टी से ओवरलोड दो हाईवा, खनिज रेत से ओवरलोड एक हाईवा, तथा अवैध परिवहन में संलिप्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहनों को जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई उपरांत तीन वाहनों को जब्त कर तेंदूखेड़ा थाना परिसर में तथा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर सुआतला थाना में खड़ा कराया गया है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ओ.पी. बघेल ने बताया कि यह कार्रवाई खनिज, राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

## क्रांतिकारी ठाकुर निरंजन सिंह को किया याद



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और फिर आजादी के बाद जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महापुरुषों को हम सब कभी भूला नही पाएंगे। ऐसे ही क्रांतिवीर ठाकुर निरंजन सिंह थे। उक्त बात पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व विधायक ठाकुर निरंजन सिंह के जन्म स्थल गांव ग्राम बहोरीपार खुर्द में उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष काकोड़िया ने कही। जिला जाट समाज के सचिव लाल साहब जाट ने कहा कि ठाकुर निरंजन सिंह स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई बार जेल गए और उन्होंने हमेशा देश को सर्वोपरि रखा। कार्यक्रम के दौरान अमर शहीद सुभाष चंद्र बोस की जयंती होने पर उनका भी स्मरण किया गया। इस मौके पर राम नारायण सिंह, दानवीर सिंह, वीरू जाट, तुलसीराम जाट, रामजी पटेल, नीलेश शर्मा, योगेश जाट, रामगोपाल पटेल के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद थे।

## भक्ति और प्रेम का संगम: धूमधाम से संपन्न हुआ भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी विवाह



**गोटेगांव।** ग्राम कुकलाह में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन रुक्मणी विवाह का प्रसंग अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कथावाचक ध्रुव देव महाराज ने विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी और भगवान श्री कृष्ण के दैवीय मिलन की कथा सुनाते हुए भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान महाराज श्री ने बताया कि राजकुमारी रुक्मणी मन ही मन भगवान श्री कृष्ण को अपना पति स्वीकार कर चुकी थीं, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय कर दिया था। अपनी भक्ति और प्रेम की रक्षा के लिए रुक्मणी ने श्री कृष्ण को पत्र भेजा, जिसके बाद प्रभु ने उन्हें ससम्मान अपनाया और द्वारका ले जाकर विधिपूर्वक विवाह किया। कथावाचक ने समझाया कि रुक्मणी साक्षात माता लक्ष्मी का स्वरूप हैं और यह प्रसंग सच्ची भक्ति और परमात्मा के अटूट संबंध को दर्शाता है। रुक्मणी विवाह के इस पावन अवसर पर कथा स्थल को विवाह मंडप की तरह सजाया गया और भगवान की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। जैसे



ही श्री कृष्ण और रुक्मणी के विवाह की रस्में शुरू हुईं, पूरा पंडाल जयकारों और पुष्प वर्षा से सराबोर हो गया। श्रद्धालु भजनों की धुन पर जमकर थिरके और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस मंगल उत्सव में बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर भगवान की आरती उतारी।

## 108 एंबुलेंस में हो रही थी सागवान की तस्करी, 6 आरोपी धाराएं




**नरसिंहपुर।** गुरूवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात वन मंडल अधिकारी नरसिंहपुर के निर्देश पर उप वन मंडल अधिकारी नरसिंहपुर के साथ एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी गोटेगांव के मार्गदर्शन में ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप के तहत बड़ी कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान सिलवानी बरहटा मार्ग पर 108 जननी एम्बुलेंस वाहन क्रमांक CG 04 NZ 5976 से सागौन वनोपज के 10 नग का अवैध परिवहन करते हुए सुमित चौधरी निवासी बरहटा सहित कुल 06 आरोपियों को पकड़ा गया। वाहन एवं वनोपज को जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 32526/07 दिनांक 23/01/2026 पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्रवाई में वन विभाग की टीम एवं सुरक्षा श्रमिकों का सराहनीय सहयोग रहा।

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क करता है निवास- शिल्पा पाठक



### यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**गोटेगांव।** नगर की प्रतिष्ठित संस्थान यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्यालय में छात्रों की शारीरिक क्षमता एवं खेल कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया i प्रतियोगिताओं में प्रमुख रूप से खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स व अन्य खेलकूद आयोजित किए गए जिसका क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल तथा सभी फाइनल सातवें दिवस में सम्पन्न कर खेल दिवस मनाया गया।सभी प्रतियोगिताओं में छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को शील्ड, मेडल्स एवं सर्टिफिकेट्स प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या सुश्री शिल्पा पाठक ने सभी बच्चों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा भविष्य में अच्छी खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल खेलने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अनुशासन रखते हुए अपने खेल को खेलना चाहिए। ₹एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।₹ कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में अरविंद सर ने सभी का आभार जताया और कहा, ₹पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तो होगे लाजबाव।₹ खेल कूद से विद्यार्थियों में स्फूर्ति, सकारात्मक ऊर्जा, मानसिक विकास एवं अनुशासन का समावेश होता है। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं विद्यालय परिवार उपस्थित था i

## खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**तेंदूखेड़ा।** विगत 19 से 21 जनवरी के बीच संत मोनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय एवं सर्वोदय विद्यालय तेंदूखेडा में त्रिदिवसीय बार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने लम्बी दौड बाधा दौड़ कबड्डी खो खो गोला फेंक चकती फेंक बाली बाल वैडमिंटन शतरंज आदि अनेक खेल स्पर्धाओं में बढचढ कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिताओं के समापन उपरांत सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किये गये। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक डा प्रकाश जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का महत्व शारीरिक मानसिक और सामाजिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। यह शरीर को स्वस्थ रखते हैं, तनाव कम करते हैं। अनुशासन टीमवर्क एवं नेतृत्व सीखते हैं। जीवन में चुनौतियों का सामना करने का आत्म विश्वास बढ़ाते हैं।जिससे समग्र व्यक्तित्व का विकास होता है । विद्यार्थियों के लिए खेल अत्यंत महत्व रखते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है ।जब शरीर




स्वस्थ रहता है पढ़ाई करने मैं भी मन अच्छी तरह से लगता है । संक्षेप में खेल सिर्फ है मनोरंजन ही नहीं बल्कि स्वस्थ अनुशासित और सफल जीने का एक अभिन्न अंग है।विद्यालय एवं महाविद्यालय में आने वाले समय में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा खेल ग्राउंड में वास्केटवाल कोर्ट का शीघ्र निर्माण किया जायेगा।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती किरण प्रभा जैन विद्यालय प्राचार्य कमल कुमार शास्त्री श्रीमती अरुणा जैन ने सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित करने सराहनीय योग दान प्रदान किया।